




## एक नजर में

### छापीहेड़ा में महिला थाना प्रभारी ने संभाली कमान



**छापीहेड़ा 16 अक्टूबर, सं.** बुधवार की शाम को नवागत टीआई संगीता शर्मा ने थाने की कमान संभाली. इसके पूर्व पदस्थ थाना प्रभारी सुनील केवट को पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा आगामी आदेश तक ब्यावरा भेजा गया है. बुधवार शाम थाना प्रभारी टीआई संगीता शर्मा द्वारा थाने का कार्यभार संभालने के उपरांत स्थानीय पत्रकारों और जनप्रतिनिधियो द्वारा फूलो का गुलदस्ता बैठकर मिठाई से मुंह मीठा कर स्वागत अभिनंदन किया गया. उन्होंने उन समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने की बात कही. उन्होंने असामाजिक तत्वों पर सख्ती से लगाम कसने करने की बात संकल्पभाव से कही. इस मौके पर महेश कुमार गुप्ता, पुरुषोत्तम गुप्ता, हेमराज जायसवाल, उमेश गुप्ता, राय सिंह दांगी सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे.

### दो शिक्षकों ने दिया ईमानदारी का परिचय

**छापीहेड़ा 16 अक्टूबर, सं.** स्थानीय निवासी जितेंद्र मालवीय (अंग्रेजी शिक्षक) एवं कुलदीप पाटीदार (लेब सहायक शिक्षक) के पद पर शा. एकीकृत उ. मा. विद्यालय गुलावता में पदस्थ है। यह छापीहेड़ा से रोजाना गुलावता का स्कूल का आवागमन करते हैं आज दिनांक 16/10/25 वार गुरुवार गुलावता स्कूल से आते समय भैंसवामाता जोड़ पर इन्हें ऋद्धसृद्ध का मोबाइल पड़ा मिला जिसकी कीमत लगभग 9000 रुपए थी। यह मोबाइल मोहन शर्मा निवासी ग्राम भैंसवामाता का था। मोहन शर्मा ने बताया बस से उतरते समय मेरा मोबाइल मेरी जेब से नीचे गिर गया था। दोनों युवक ने ईमानदारी का परिचय देते हुए मोहन शर्मा को मोबाइल लौटा दिया। भैंसवामाता निवासी मोहन शर्मा का कहना था आज के इस दौर में आप जैसे ईमानदार लोग भी हैं यह बड़ा हर्ष का विषय है. अपना मोबाइल प्रकार मोहन शर्मा को बहुत ही प्रसन्नता हुई.

### बिना लाइसेंस संचालित वाटर प्लांट का संचालन किया बंद

**राजगढ़, 16 अक्टूबर, का.** अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी सारंगपुर रोहित बम्होरे के निर्देशन में किए गए निरीक्षण के दौरान मां लक्ष्मी चिल्ड वाटर प्लांट (तलेनी, सारंगपुर) में अनियमितताएँ पाए जाने पर प्लांट का वाटर प्रोसेसिंग, विक्रय एवं पानी सप्लाई कार्य आगामी आदेश तक बंद किया गया. निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे.

### 7 दिन बंद रहेगी कृषि मंडी

**ब्यावरा 16 अक्टूबर, का.** धनतेरस, दीपावली एवं भाईदूज पर्व के चलते स्थानीय कृषि उपज मंडी में आज से सात दिन तक अवकाश रहेगा. मंडी प्रबंधन के अनुसार आज 17 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक धनतेरस, दीपावली, भाईदूज का पर्व होने के चलते मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा. कृषक बंधुओं से अवकाश के इन दिनों में अपनी फसल विक्रय हेतु मंडी में नहीं लाने का आग्रह किया गया है. 24 अक्टूबर से मंडी पूर्व की तरह चालू रहेगी.

# जूनियर को सिविल सर्जन बनाने का विरोध

## मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर को पत्र सौंपा, कहा वरिष्ठता को बनाएं आधार

**सिविल सर्जन को चार्ज देने के विरोध में उतरे डॉक्टर**

**कलेक्टर ने जारी किए आदेश, मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन ने विरोध जताया**

**सिविल सर्जन नितिन पटेल के तबादले के बाद रजनीश शर्मा को सिविल सर्जन का चार्ज दिया**




**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 16 अक्टूबर, का.** स्टाफ, संसाधनों की कमीं से जूझने वाले राजगढ़ जिला अस्पताल में समस्याएं कम नहीं हो रही है. साथ ही व्यवस्थाएं बनने का नाम नहीं ले रही है. मामला अब सिविल सर्जन के चार्ज को लेकर गरमा गया है. बीते दिना सिविल सर्जन के तबादले के बाद जिला कलेक्टर ने व्यवस्थाएं सुचारू रखने के लिए स्थानीय स्तर पर एक चिकित्सक को सिविल सर्जन का चार्ज दिया है. लेकिन कलेक्टर के आदेश के विरोध में मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन ने वरिष्ठता का हवाला देते हुए जिला कलेक्टर को पत्र सौंपा है. जिसमें जूनियर को सिविल सर्जन का चार्ज सौंपने पर आपत्ति जताई है.

जानकारी के अनुसार हाल ही में 14 अक्टूबर को जिला अस्पताल में पदस्थ सिविल सर्जन नितिन पटेल का भोपाल तबादला हुआ है. उनका स्थान रिक्त होने के चलते कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्र ने आदेश जारी करते हुए अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ रजनीश शर्मा को अगले आदेश तक सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के रूप में तैनाती दी है. इस मामले को लेकर अन्य मेडिकल ऑफिसर्स ने आपत्ति जताई है.

### क्या जूनियर अपने सीनियर की सीआर लिखेगा

चर्चा के दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष ने अपना तर्क दिया है जिसमें उन्होंने कहा कि व्यवहारिक रूप से भी यह नियुक्ति सही नहीं है. इसमें तकनीकि रूप से दिक्कतें आएंगी. डॉ रजनीश जूनियर है और उनके अतिरिक्त करीब 4 से 5 सीनियर डॉक्टर है. सिविल सर्जन अस्पताल का मुख्य अधीक्षक होता है और उसके दायित्व में चिकित्सकों की सीआर लिखना भी शामिल है. यदि जूनियर को सिविल सर्जन सह मुख्य अधीक्षक बनाया जाता है तो क्या वह अपने सीनियर की सीआर लिखेगा. यानी क्या जूनियर अपने सीनियर की रिपोर्ट तैयार करेगा. व्यवहारिक रूप से यह ठीक नहीं है.

### कमिश्नर के आदेश का हवाला

मामले में मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ आरएस माथुर न बताया कि कुछ वर्षों पूर्व इसी तरह से जूनियर डॉक्टर को प्रभार दिया गया था. तब मामले में कमिश्नर की ओर से आदेश जारी किया गया था जिसमें वरिष्ठता के आधार पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक का दायित्व देने की बात कही गई थी. डॉ माथुर के अनुसार जिला प्रशासन को उसी आदेश के अनुरूप अपनी कार्यवाही करनी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया है.

### परिपाटी बनने से रोकना होगा

जूनियर डॉक्टर को सिविल सर्जन का दायित्व सौंपना जबकि अभी कई वरिष्ठ और अनुभवी चिकित्सक मौजूद है यह व्यवहारिक और तर्क सम्मत नहीं है. हमने जिला कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अपनी बात कही है. जिला अस्पताल में कई चिकित्सक है जो बाहर से आए है, अनुभवी है, स्थानीय चिकित्सक भी है जो वरिष्ठता के क्रम में है. उन्हें यह चार्ज दिया जाना चाहिए जिससे उनके अनुभवों का लाभ मिले. ऐसा पहले भी हो चुका है जिसे उसी समय सुधारा गया था. अब यह कुछ वर्षों बाद दोबारा हो रहा है इस प्रकार की परिपाटी बनने से रोकना होगा.

**डॉ आरएस माथुर**
**अध्यक्ष, मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन राजगढ़**

# ब्यावरा से पहुंचेगी प्रदेश के किसानों को मुआवजा राशि



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 16 अक्टूबर, का. प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव 18 अक्टूबर को ब्यावरा में होने वाले भव्य राज्यस्तरीय कार्यक्रम में एक क्लिक कर प्रदेश भर के किसानों के खातो में फसल मुआवजा राशि ट्रांसफर करेंगे.**

विदित है कि ब्यावरा में पंचमुखी मंदिर के समीप नवीन दशहरा मैदान में 18 अक्टूबर को भव्य कार्यक्रम होगा. कार्यक्रम में किसानों के खातों में फसल मुआवजा राशि ट्रांसफर की जाएगी. **बैंक खातो में पहुंचेगी राशि–** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एक क्लिक कर मुआवजा राशि ट्रांसफर करेंगे. एक क्लिक करते ही करोड़ो रुपये की राशि किसानों के बैंक खातों में पहुंच जाएगी. यह कदम फसल मुआवजे की प्रतीक्षा कर रहे किसानों के लिए राहत भरा होगा.

**तैयारियां जोरों पर–** 18 अक्टूबर को सिविल अस्पताल रोड पर पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप नवीन दशहरा मैदान पर कार्यक्रम होगा. आयोजन स्थल पर तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है. राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, कौशल विकास राज्यमंत्री गौतम टेटवाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा, जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित प्रशासनिक अधिकारी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है.

# डेढ़ लाख की सायबर ठगी के आरोपी को यूपी से पकड़ा

**ठगी कर मोबाइल के माध्यम से लगभग डेढ़ लाख रुपये की राशि काटने वाले आरोपी को पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया**

**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 16 अक्टूबर, सं. जीरापुर थाना पुलिस ने नगर के एक व्यक्ति से साइबर ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह के आरोपी को अयोध्या उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर पचास हजार रुपए नगदी बरामद किए है.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जगदीश पिता कंवरलाल दांगी उम्र 41 साल निवासी कानडियाखेड़ी हाल मुकाम वार्ड नंबर 15 आवास कॉलोनी जीरापुर के मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन लगाकर जगदीश के अकाउंट से तीन अलग-अलग किस्तों में 1 लाख 49 हजार 772 रूपए काट लिए गए. आवेदक जगदीश दांगी ने एनसीआरबी पोर्टल पर शिकायत की. पुलिस ने उसके दर्ज कथनों के आधार पर अज्ञात आरोपी 6397400070 वास्तविक मोबाइल नंबर उपयोगकर्ता के विरुद्ध अपराध धारा 318 (4) बीएनएस 74 आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था.

पुलिस टीम द्वारा आरोपी यश कनोजिया को राज्य से बाहर शहादतगंज अयोध्या फैजाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर ठगी में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं नगदी बरामद किए गए.

पुलिस ने तकनीकी जांच एवं संकलित डिजिटल साक्ष्य के आधार पर पाया की ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नंबर ईमेल आईडी एवं बैंक खातों का संबंध यश कनौजिया से है इसी आधार पर गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया.

### पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का जन्म दिवस मनाया

**जीरापुर 16 अक्टूबर, सं.** शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्राचार्य डॉ. हिमांशु चास्टा की अध्यक्षता में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया. डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की वैज्ञानिक उपलब्धियां को विस्तार से बताया एवं उनके द्वारा पोखरण परमाणु परीक्षण के अमूल्य योगदान के बारे में समझाया गया. ग्रंथपाल पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, प्रोफेसर मुकेश सेन ने संबोधित किया. इस अवसर पर राजेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. ओपी गुप्ता, डॉ जितेंद्र यादव, डॉ सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, डॉ महेश नरवरिया, डॉ रीना पाटीदार, डॉ कमल सिंह अहिरवार, डॉ रश्मि सोनी, कनिज अंसारी, डॉ नेहा गुप्ता. मंगल सिंह झाला, रोहित मालवीय, अनुपम आचार्य आदि मौजूद रहे.

# 30 किमी का फेरा बचाने के लिए यात्रियों की जान दांव पर

**पार्वती नदी के रपटे से जान जोखिम में डालकर आवाजाही**

**बरायठा के यहां क्षतिग्रस्त पुल से बंद है भारी वाहनों का जाना**



**नवभारत न्यूज**
**नरसिंहगढ़/ब्यावरा 16 अक्टूबर, सं.** नरसिंहगढ से करीब 10 किमी दूर बरायठा के यहां पार्वती नदी का पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद इस पर से भारी वाहनों की आवाजाही को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया गया था. किंतु समीप मौजूद रपटे पर से वाहनों की आवाजाही बनी हुई है. रपटे पर पानी भरा होने के बावजूद कई बस एवं यात्री वाहनों को जान जोखिम में डालकर निकाला जा रहा है.

गौरतलब है कि बरायठा के यहां पार्वती नदी पुल से होकर रुनाया, बड़ा बैरसिया एवं भोपाल तरफ रास्ता जाता है. जबकि एक अन्य रास्ता पुल से होकर नजीराबाद लटेरी, मधुसूदनगढ़, सुठालिया की और जाता है. इसी वर्ष के जनवरी माह में पुल के तकनीकि रुप से आवागमन के लिए उपयुक्त नहीं होने तथा सुरक्षा की दृष्टि से विशेषज्ञों के द्वारा परीक्षण उपरांत पुल पर से बस, बड़े भारी वाहनों की आवाजाही को बंद कर दिया गया.

### जोखिम उठाकर निकल रहे

पुल के समीप ही रपटा है. बारिश के दौरान यह रपटा पानी में जलमग्र रहा. इस पर से पानी कम हुआ किंतु आज भी काफी पानी रपटे पर है. बावजूद इसके कई बस एवं यात्री या फिंर अन्य वाहनों को जोखिम उठाकर इस पार से उस पार निकाला जा रहा है. गुरुवार को भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला जब एक बस व अन्य वाहन रपटे पर से पानी के बीच से निकाली जा रही थी.

# पीएमश्री स्कूल करेड़ी में 551 दीपों की रंगोली




**राजगढ़ 16 अक्टूबर, का.** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेड़ी में दीपावली के उपलक्ष्य में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम विद्यालय में दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय को दीपक भेंट किये गए. विद्यालय में विशाल रंगोली बनाई गई, जिसे 551 दीपों से प्रजज्वलित कर सजाया गया. दीपोत्सव के साथ ही दीप सज्जा एवं कलष सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्राचार्य श्रीमती सीमा उपाध्याय के निर्देशन एवं पाठ्य सहगामी एवं सांस्कृतिक समिति के मार्गदर्शन में शाला के समस्त शिक्षक- शिक्षकाओं एवं विद्यार्थियों के सहयोग से दीपोत्सव के कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया. जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में अपनी संस्कृति के प्रति रूचि जागृत करना है. प्राचार्य महोदय द्वारा दीपपर्व का महत्व और दीपोत्सव मनाने की संस्कृति से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया तथा समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ दीपावली की अग्रिम शुभकामनाऐं प्रेषित की.

# स्मैक सहित तस्कर को पकड़ा, साथी फरार

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 16 अक्टूबर, का.** भोजपुर थाना पुलिस ने घेराबंदी करते हुए तस्कारों ने स्मैक और तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त किया है. भोजपुर पुलिस ने 15.22 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक एवं एक अल्टो कार कुल कीमत 3 लाख रूपए के माल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. थाना प्रभारी भोजपुर मनीष शर्मा के नेतृत्व में थाना भोजपुर पुलिस को अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त हुई है. बीते 15 अक्टूबर को थाना भोजपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सिल्वर रंग की अल्टो कार में तीन व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक लेकर सेमलापुरा की ओर जा रहे हैं. सूचना पर पुलिस टीम द्वारा खाजली जोड़ढ़्होड़ा माता रोड पर घेराबंदी की गई. थड्डोड़ी देर बाद मुखबिर द्वारा बताई गई कार दिखाई दी, जिसे रोकने पर दो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए, जबकि एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया. गिरफ्तार आरोपी ऋषिकेश विश्वकर्मा पिता राजेश विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष पता अरमान नगर, झरजोला रोड, कंडेली, 81 महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड, थाना कोतवाली, जिला नरसिंहपुर का रहने वाला है. उसका फरार साथी शेखर सिलावट, निवासी मगरधा, जिला नरसिंहपुर और लल्लू चौधरी, निवासी मगरधा, जिला नरसिंहपुर भी शामिल है. आरोपी से बरामद मादक पदार्थ के संबंध में वैध लाइसेंस प्रस्तुत करने हेतु पूछा गया, परंतु कोई लाइसेंस न होने पर उसके विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया. कार्रवाई में उ.नि. विनोद मीना, नरेन्द्र सैनी, वीरेन्द्र रावत, चंदेश कुशवाह, राकेश चौधरी, विनोद शामिल रहे.

### महिला से मारपीट कर तेजाब डाला

**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 16 अक्टूबर, सं.** सारंगपुर तहसील के ग्राम सराली में गुरुवार को विवाद के बीच एक महिला के साथ मारपीट कर तेजाब डालने की घटना सामने आई है. जानकारी के अनुसार मारपीट करने वाले महिला के ही परिवार के ही कुछ लोग बताए जाते है. गंभीर अवस्था में महिला को शाजापुर रेफर किया गया है. महिला खेत पर कार्य कर रही थी तभी परिवार के ही कुछ लोग पहुंचे तथा महिला के साथ मारपीट कर उस पर तेजाब डाल दिया. महिला का पति एवं उसका छोटा बेटा बचाने आया तो उन पर भी हमला करने की कोशिश की. पति जान बचाकर वहां से बच्चों के साथ भागा. परिवार के अन्य लोगों को घटना की जानकारी मिलते ही महिला को शाजापुर ले जाया गया. महिला का नाम सपना पति कमलेश लोधी उम्र 30 वर्ष बताया जाता है.

### दीपावली पर बांटे मिठाई, पटाखे के किट




**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 16 अक्टूबर, का.** त्यौहार में हर और खुशियां होना चाहिए. चेहरे पर खुशियां होनी चाहिए. किसी की खुशी की वजह बन दिवाली सार्थक बनाएं. इसी उद्देश्य को लेकर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन ब्यावरा की युवा इकाई द्वारा दीपावली त्यौहार के चलते विभिन्न सामग्रियों वाले मुस्कान किट का वितरण किया गया. लगभग 400 मुस्कान किट का वितरण किया गया. जिसमें से 220 किट ब्यावरा शहर के जरूरतमंदों को एवं शेष 180 मुस्कान किट अन्य जगह वितरित किए गये. सदस्यों के द्वारा ब्यावरा तहसील के बिसौनिया स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में मुस्कान किट का वितरण किया. किट में मिठाई, नमकीन, आतिशबाजी, दीपक, रूई, तेल व अन्य सामग्री शामिल है. गौरतलब है कि युवा इकाई द्वारा पूर्व में भी समय- समय पर सामाजिक सरोकारो से संबंधित कार्य किए जाते रहे है.

**विरोध ▶ जिला कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन सौंपा, प्रशासन द्वारा अस्पताल में धरना नहीं करने देने पर भड़के**

# छिंदवाड़ा सिरप कांड : डिप्टी सीएम इस्तीफा दें, न्यायिक जांच हो

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 16 अक्टूबर, का. छिंदवाड़ा अस्पताल में जहरीले सिरप से बच्चों की मौत के मामले में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है. राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में इस घटना को दुखद बताते हुए कर्मचारियों, अधिकारियों की लापरवाही और अस्पताल की खराब व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया है. कांग्रेस कमेटी ने कहा कि इस घटना के बाद से लोगों में भय का माहौल है और वे अपने नौनिहालों के भविष्य को लेकर चिंतित है.**




ज्ञापन में घोर निंदा करते हुए मांग की है कि घटना में लिप्त अधिकारियों, कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही का जाए. सुनिश्चित किया जाए कि इस प्रकार की घटना फिर ना हो. मृतक के परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता दी जाए. प्रदेश में व्यापक रूप से चल रही नकली दवाईयों के विक्रय पर रोक लगाई जाए. इस प्रकार की गंभीर घटना सरकारी तंत्र की लापरवाही एवं विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण हुई है. इसके लिए प्रदेश सरकार सीधे तौर पर जिम्मेदार है. इसलिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री राजेन्द्र शुक्त को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए और घटना की न्यायिक जांच होनी चाहिए.

### जिला अस्पताल परिसर में कोई भी प्रोग्राम नहीं हो

इधर मामले में जिला कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय प्रशासन को भी आयोजन के मामले में आड़े हाथ लिया है. पहले कांग्रेस कमेटी ने अस्पताल परिसर के भीतर धरना प्रदर्शन किया था. लेकिन उन्हें प्रशासन के दखल के बाद बाहर अपना विरोध कार्यक्रम करना पड़ा. इसे लेकर नाराज कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन में यह भी लिखित किया है कि जिला अस्पताल परिसर में कभी भी माईक के साथ शासकीय, अशासकीय कोई भी प्रोग्राम नहीं होगा. इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह खींची सहित जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए.

# हाईवे को डेंजर जोन बना रहे गड्ढे



**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 16 अक्टूबर, सं.** अल्प समय के दौरान ही जीरापुर का बायपास जो सुसनेर खिलचीपुर मुख्य सड़क मार्ग को जोड़ता है उक्त बायपास में गड्ढे पड़े तथा रोड़ से डामर उखड़कर गड्ढा नुमा हो चुका है. नेशनल हाईवे 52 का निर्माण लगभग छह सात माह पहले ही होकर आवागमन शुरू हुआ जहां बायपास में गड्ढे पड़े एवं उखड़ने लगा. खिलचीपुर से सुसनेर मुख्य सड़क मार्ग को जोड़ने वाला नगर जीरापुर के बायपास पर गड्ढे पड़ने से कभी भी कोई हादसा होने की संभावना बनी हुई. अल्प समय में गड्ढे पड़ जाने से यह तय है कि निर्माण में गुणवत्ता कि कमी की झलक नजर आ रही है. साथ ही नियमानुसार देखरेख का अभाव दिख रहा है. गुणवत्ता की कमी के कारण पहली बारिश में ही सड़क की साइड भी कमजोर होने लगी. एडवोकेट लक्ष्मीनारायण मण्डलोई ने कहा कि इस गड्ढे के कारण दुर्घटना होने का डर है गड्ढे के कारण एक प्याज से भरे वाहन से प्याज बिखर कर रोड़ पर फेल गये. दीपक असाटी पीडब्ल्यूडी ईई नेशनल हाईवे का कहना है कि में कान्ट्रेक्टर से बात करता हूं रोड़ परफार्मेंस में है यदि गड्ढे पड़े हैं तो ठेकेदार द्वारा ठीक किए जायेंगे.